सूचना संख्या.......151

# केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय

एकलव्य परिसर, अगरतला, त्रिपुरा

**दिनांकः 10 सितम्बर 2025**

## –:सूचना:–

शैक्षणिक सत्र 2025–26 में प्रवेश के इच्छुक सभी छात्रों को सूचित किया जाता है कि केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, एकलव्य परिसर, अगरतला में संचालित पाठ्यक्रमों (प्राक्शास्त्री, शास्त्री प्रतिष्ठा, आचार्य एवं शिक्षाशास्त्री) के लिए रिक्त सीटों पर सद्यः प्रवेश (Spot Admission) की प्रक्रिया दिनांक 10 सितम्बर 2025 से 15 सितम्बर 2025 तक आयोजित की जाएगी।

अतः प्रवेश के इच्छुक छात्र उक्त समयानुसार सम्बन्धित विभाग में उपस्थित होकर सद्यः प्रवेश (Spot Admission) प्रवेश सुनिश्चित करें।

उक्त तिथि के पश्चात् परिसर में प्रवेश से संबंधित किसी भी प्रकरण पर विचार नहीं किया जायेगा।

10/09/2025

**(प्रो. मखलेश कुमार)**
निदेशक

**निदेशक/Director**
केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय/Central Sanskrit University
एकलव्य परिसर, अगरतला/Ekalavya Campus, Agartala

**प्रतिलिपिः–** निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

1. समस्त प्रवेश समिति संयोजक एवं सदस्य एकलव्य परिसर।
2. तकनीकी सहायक, वेबसाइट पर सूचना अपलोड करने हेतु।
3. संबंधित संचिका।
4. सूचना पट्ट।

8-1/CSU/Acd/SA/2025/ | 1056

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय

Central Sanskrit University

जनकपुरी, नई दिल्ली

Janakpuri, New Delhi

(शैक्षणिक विभाग/Academic Section)

दिनांक/Date: 09-09-2025

## अधिसूचना/Notification

**विषय:- विश्वविद्यालय के सभी परिसरों, आदर्श महाविद्यालयों एवं संबद्ध संस्थाओं में सद्यः प्रवेश (Spot Admission) प्रक्रिया के संबंध में।**

सभी को सूचित किया जाता है कि सक्षम अधिकारी के निर्देशानुसार विश्वविद्यालय के सभी परिसरों, आदर्श महाविद्यालयों एवं संबद्ध संस्थाओं में संचालित सभी पाठ्यक्रमों में अब तक हुए प्रवेश के उपरांत रिक्त रहे स्थानों पर स्पॉट एडमिशन की प्रक्रिया दिनांक 10 सितंबर 2025 से 15 सितंबर 2025 तक आयोजित की जाएगी।

परिसरों/संस्थाओं में पंजीकरण के उपरांत छात्रों को तत्काल प्रवेश शुल्क जमा करवाने हेतु निर्देशित किया जाएगा। संबद्ध संस्थाओं/परिसरों में पंजीकरण उपरांत शुल्क विकल्प सक्रिय करने हेतु प्रवेश शाखा को मेल द्वारा सूचना देने पर शुल्क जमा कराकर प्रवेश लिया जा सकेगा। संबंधित परिसरों, आदर्श महाविद्यालयों एवं संबद्ध संस्थाओं के निदेशकों/प्राचार्यों से अपेक्षा की जाती है कि वे इस संबंध में **व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु आवश्यक कदम उठाएँ तथा छात्रों को सूचित करें।**

शिक्षाशास्त्री पाठ्यक्रम के लिए CUET PG 2025 परीक्षा के आधार पर समर्थ पोर्टल पर आवेदन करने वाले छात्रों की सूची में श्रेणी के आधार पर वरीयता क्रम से परिसर स्तर पर रिक्त स्थानों के अनुसार स्पॉट एडमिशन **पहले आओ पहले पाओ** के आधार पर प्रवेश सुनिश्चित करना है। इसी प्रकार ITEP के लिए भी संबंधित परिसर में प्रेषित पंजीकृत सूची या NCET ITEP परीक्षा में आवेदन करने वाले छात्रों को संबंधित श्रेणी के अनुसार रिक्त स्थानों पर स्पॉट एडमिशन प्रक्रिया में प्रवेश दिया जा सकेगा।

- रिक्त स्थानों की स्थिति जानने के लिए संबंधित परिसर/महाविद्यालय में संपर्क करना है।
- संपर्क हेतु संबंधित परिसर की वेबसाइट का अवलोकन किया जा सकता है तथा संबद्ध महाविद्यालय की जानकारी के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट का अवलोकन करें। यह प्रक्रिया परिसर/संस्था स्तर पर पूर्णता ऑफलाईन माध्यम से करवाई जाएगी।
- **उक्त तिथि के बाद विश्वविद्यालय में प्रवेश से संबंधित किसी भी प्रकरण पर विचार नहीं किया जाएगा।**

**नोट :- अभिनव पाठ्यक्रमों में प्रमाण पत्र एवं PG डिप्लोमा के प्रवेश पंजीकरण 30 सितंबर 2025 तक जारी रहेंगे।**

(प्रो. मदन मोहन झा)
अधिष्ठाता, शैक्षिकवृत्त

प्रतिलिपि:-

1. निजी सचिव, कुलपति कार्यालय
2. निजी सचिव, कुलसचिव कार्यालय
3. परीक्षा नियन्त्रक महोदय, के.सं.वि.
4. निदेशक, समस्त सम्बन्धित परिसर
5. निदेशक, आदर्श योजनाएँ
6. प्राचार्य, समस्त सम्बद्ध आदर्श महाविद्यालय
7. संस्था प्रधान, समस्त मान्यता प्राप्त संस्थाएँ
8. सम्बद्ध संचिका।